# MP BOARD CLASS 10 HINDI SPECIAL-2018

## म. प्र. बोर्ड कक्षा 10 हिन्दी विशिष्ट-2018

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 100**

निर्देशः

1. वस्तुनिष्ठ प्रश्न सबसे पहले हल कीजिए;
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक-एक (1×5×=25) अंक निर्धारित हैं।
3. प्रश्न क्रमांक 6 से 16 तक के लिए दो-दो अंक निर्धारित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।
4. प्रश्न क्रमांक 17 से 19 तक के लिए तीन-तीन अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 से 75 शब्द हैं।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के लिए चार-चार अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 75 से 120 शब्द हैं।
6. प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 के लिए पॉच-पॉच अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 120 से 150 शब्द हैं।
7. प्रश्न क्रमांक 28 के लिए (7+3=10) दस अंक निर्धारित है। ‘अ’ के लिए 7 अंक तथा ‘ब’ के लिए 3 अंक है। शब्द सीमा 200 से 250 शब्द है।
8. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

प्र1 निम्नलिखित कथनों के सही विकल्प चुनकर लिखिए। (1×=5)

1. जायसी किस काव्यधारा के कवि हैं?

(अ) रामभक्ति मार्गी (ब) कृष्णभक्ति मार्गी (स) ज्ञान मार्गी (द) प्रेम मार्गी

2. ‘षड-ऋतु-वर्णन में प्रसिद्ध’ कवि का नाम है।

(अ) गिरिधर (ब) रहीम (स) पद्माकर (द) नागार्जुन

3. ईश्वर पर विश्वास करने वाले को कहा जाता है

(अ) ईश्वरीय (ब) सेवक (स) आस्तिक (द) नास्तिक

4.‘पहली चूक’ किस विधा में लिखी गई रचना है?

(अ) कहानी (ब) एकांकी (स) निबन्ध (द) व्यंग्य निबन्ध

5. प्रयोगवाद का जनक कहा जाता है।

(अ) नरेश मेहता (ब) त्रिलोचन (स) अज्ञेय (द) भवानीप्रसाद मिश्र

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: (1×5=5)

(1) आधुनिक हिन्दी साहित्य के जन्मदाता .........................हैं।

(आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी/भारतेन्दु हरिशचन्द्र)

(2) दोहा और रोला छंद मिलकर ................. छंद बनता है।

(छप्पय/बुण्डलिया)

(3) रीतिसिद्ध परम्परा के कवि ........................हैं।

(बिहारी/केशवदास)

(4) कहानी सम्राट ................को कहा जाता है।

(मुंशी प्रेमचंद/जयशंकर प्रसाद)

(5) साक्षात्कार गद्य की ................विद्या है।

(प्रमुख/गौण)

प्र.3 सत्य/असत्य लिखिए: (1×5=5)

(1) ''विनयपत्रिका'' तुलसीदास की रचना है।

(2) 'निराला' शब्द में व्यंजन संधि है।

(3) वीररस का स्थायी भाव उत्साह है।

(4) शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत हैं।

(5) शिबु मोहन का लड़का है।

प्र.4 सही जोड़ी बनाइए: (1×5=5)

| | |
|---|---|
| (1) रामचरित मानस | (क) रामवृक्ष बेनीपुरी |
| (2) गेहूँ और गुलाब | (ख) द्विगु समास |
| (3) दोपहर | (ग) खण्डकाव्य |
| (4) बेटियाँ पावन दुआएँ है | (घ) मार्गरेट एलिजाबेथ नोबुल |
| (5) भगिनी निवेदिता | (ड.) सेठ गोविन्ददास |
| | (च) महाकाव्य |
| | (छ) अजहर हाशमी |

प्र.5 एक वाक्य में उत्तर लिखिएः (1×5=5)

(1) 'थके हुए कलाकार से' के कृतिकार का नाम लिखिए।

(2) लोक संस्कृति का जन्म कहाँ हुआ?

(3) स्थायी भावों के उत्पन्न होने के कारणों को क्या कहते हैं?

(4) गुण कब लाख रुपयें में बिकता है?

(5) जगन्नाथ का संधि विच्छेद लिखिए।

प्र.6 'स्तुति खण्ड' में जायसी ने कितने द्वीपों और भुवनों की चर्चा की है? (2)

अथवा

अवगुणों पर ध्यान न देने के लिए सूरदास ने किस से प्रार्थना की है?

प्र.7 बच्चे की आँखों की तुलना किस से की गई है? (2)

अथवा

श्रद्धा का गायन स्वर किस तरह का है?

प्र.8 कवि ने हिमालय की झीलों में किसको तैरते हुए देखा है? (2)

अथवा

कवि चट्टानों की छाती से क्या निकालने को कह रहा है?

प्र.9 जीवन को सफल बनाने के लिए कवि क्या निर्देश देते हैं? (2)

अथवा

नदियाँ आगे चलकर किस रूप में परिवर्तित हो जाती हैं?

प्र.10 कवि के अनुसार काँटे की मर्यादा क्या है? (2)

अथवा

कवि नियति से क्या प्रश्न करते हैं?

प्र.11 बूढ़े किसान ने राष्ट्रपति को कौन सा उपहार दिया?(2)

अथवा

कृष्ण ने शिशुपाल का वध करके महिष्पति की गद्दी पर किसे बैठाया?

प्र.12 दो शताब्दी पूर्व किस प्रकार के नाटकों की रचना अनुचित जान पड़ती थी? (2)

अथवा

पृथ्वी पर मानव अपने साथ क्या लेकर आया है?

प्र.13 लेखक ने संगीत का जन्म किस से माना है? (2)

अथवा

महाराणा लाखा वीरसिंह के किस गुण से प्रसन्न हुए है?

प्र.14 सोन और नर्मदा का जल प्रवाह किन-किन दिशाओं में हैं?(2)

अथवा

यक्ष के, संसार के सबसे बड़े आश्चर्य सम्बंधी प्रश्न पर युधिष्ठिर ने क्या उत्तर दिया?

प्र.15 निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए: (2)

(1) वह आस्तिक है। (निषेधवाचक)

(2) अशोक रामनगर में रहता है। (विस्मयादिवाचक)

अथवा

निम्न वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए।

(1) उपासना करने वाला।

(2) पूजा करने वाला।

प्र.16 हरिगीतिका छंद की परिभाषा लिखिए। (2)

अथवा

वात्सल्य रस की परिभाषा लिखिए।

प्र.17 स्त्री शिक्षा पर निवेदिता के विचार स्पष्ट कीजिए। (3)

अथवा

माता की कुक्षि कब धन्यता प्राप्त करती है?

प्र.18 अन्योक्ति अलंकार को परिभाषा एवं एक उदाहरण भी लिखिए। (3)

अथवा

पाठ्य मुक्तक एवं गेय मुक्तक में अन्तर लिखिए/कोई तीन।

प्र.19 संधि विच्छेद करते हुए संधि का नाम भी लिखिए: (3)

(1) परमानन्द (2) निर्गुण (3) जगदीश

अथवा

समास विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए:

(1) प्रतिदिन (2) देशभक्ति (3) लम्बोदर

प्र.20 प्रगतिवाद की चार विशेषताएँ लिखिए। (4)

अथवा

भारतेन्दु युगीन काव्य की चार विशेषताएँ लिखिए।

प्र.21 जीवनी को परिभाषित करते हुए किन्ही दो जीवनी लेखकों एवं उनकी एक-एक जीवनी का नाम लिखिए। (4)

अथवा

पत्र-साहित्य किसे कहते हैं? किन्ही दो पत्र-साहित्यकार एवं उनकी एक-एक कृति का नाम लिखिए।

प्र.22 नागार्जुन अथवा सुभद्रा कुमारी चौहान का साहित्यिक परिचय निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर लिखिएः (4)

(1) दो रचनाएँ (2) काव्यगत विशेषताएं (भावपक्ष + कलापक्ष)

(3) साहित्य में स्थान

प्र.23 डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल अथवा रामनारायण उपाध्याय का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए: (4)

(1) दो रचनाएँ (2) भाषा-शैली (3) साहित्य में स्थान

प्र.24 निम्नलिखित पद्यांश की व्याख्या सन्दर्भ प्रसंग सहित लिखिए: (4)

बैर फूट ही सों भयो सब भारत को नास।
तबहुँ न छँड़त याहि सब बँधे मोह के फाँस।।

अथवा

बाँध लेंगे क्या तुझे यह मोम के बंधन सजीले?
पंथ की बाधा बनेंगे तितलियों के पर रंगीलें?
विश्व का क्रन्दन भुला देगी मधुप की मधुर गुनगुन,
क्या डुबो देंगे तुझे यह फूल के दल ओस-गीले?
तू न अपनी छाँह को अपने लिए कारा बनाना।
जाग तुझको दूर जाना।

प्र.25 निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए: (4)

इस पद के लिए ऐसे पुरुष की आवश्यकता थी जिसके हृदय में दया हो और साथ-साथ आत्मबल। हृदय वह जो उदार हो, आत्मबल वह जो आपत्ति का वीरता के साथ सामना करे और इस रियासत के सौभाग्य से हमें ऐसा पुरुष मिल गया। ऐसे गुण वाले संसार में कम हैं और जो हैं, वे कीर्ति और मान के शिखर पर बैठे हुए हैं, उन तक हमारी पहुँच नहीं है।

अथवा

आधुनिकता सम्प्रदाय का विरोध करती हैं, क्यों कि आधुनिकता गतिशील प्रक्रिया है। 'सम्प्रदाय' स्थिति-संरक्षक। परन्तु परम्परा से आधुनिकता का वैसा विरोध नहीं होता। दोनों की गतिशील प्रक्रियाएँ है। दोनों में अन्तर केवल यह है कि परम्परा यात्रा के बीच पड़ा हुआ अन्तिम चरण है, जब कि आधुनिकता आगे बढ़ा हुआ गतिशील कदम है।

प्र.26 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5)

कई लोग समझते हैं कि अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है, किन्तु वास्तव में यह भ्रम है। अनुशासन के द्वारा स्वतंत्रता छिन नहीं जाती, बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है। सड़क पर चलने के लिए हम स्वतंत्र हैं। हमें बायीं तरफ से चलना

चाहिए, किन्तु चाहें तो हम बीच में भी चल सकते हैं। इससे हम अपने ही प्राण संकट में डालते हैं, दूसरों की स्वतंत्रता भी हम छीनते हैं। विद्यार्थी भारत के भावी निर्माता हैं। उन्हें अनुशासन के गणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए जिससे वे भारत के सच्चे सपूत कहला सकें।

प्रश्नः

(1) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) गद्यांश का सारांश लिखिए।

प्र.27 अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए जिसमें अपनी शैक्षिक प्रगति और लक्ष्य का उल्लेख किया गया हो। (5)

अथवा

अपने प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए जिसमें स्थानान्तरण प्रमाण पत्र की माँग की गई हो।

प्र.28 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए। (7+3=10)

(अ) (1) विज्ञान की देन

(2) नारी शिक्षा का महत्व

(3) खेल का मानव जीवन में महत्व

(4) विद्यार्थी जीवन

(5) जनसंख्या वृद्धि

(ब) निम्नलिखित में से किसी एक विषय की रूपरेखा लिखिए।

(1) वृक्षा रोपण

(2) समग्र स्वच्छता अभियान

(3) भारतीय समाज में नारी

(4) राष्ट्रीयता

000000000000